**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक–31.05.2024

**दिनांक 30/31.05.2024 को थाना आशियाना 01, बिजनौर 01, गौमतपल्ली 01, महानगर 01, पीजीआई 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**भा0द0वि0**

**थाना आशियाना**–दिनांक 31.05.2024 को थाना आशियाना द्वारा बताया गया कि वादिनी ममता सोनकर पत्नी स्व0 ओम प्रकाश सोनकर निवासी–1/274सी, सेक्टर एच एचडीए कालोनी थाना आशियाना लखनऊ ने थाना आशियाना पर सूचना दिया कि दिनांक 23.05.2024 को समय करीब 10.30 बजे सुबह में वादिनी अपने घर पर आलमारी की चाभी बनवाने के लिए एक ताला चाभी बनाने वाले को बुलाया, जो कि घर के बाहर फेरी लगा के चाभी ताला बनाने की आवाज लगा रहा था। उस क्रम में बताना है कि चाभी बनाने वाले ने चाभी बनाते समय वादिनी की आलमारी में रखे सोने के कीमती जेवरात व करीब 20 हजार रूपये को चोरी कर लिया गया और उक्त व्यक्ति 11.30 बजे वादिनी के घर से चला गया। वादिनी को चोरी की जानकारी उसके जाने के बाद हो सकी । उपरोक्त व्यक्ति साइकिल से आया था और हुलिया दुबला शरीर, क्रीम रंग का शर्ट और सिर पर काला कपड़ा/पगड़ी बांधं हुआ था। उक्त व्यक्ति हल्की दाढ़ी रखे व एक बैग लिए हुये था। वादी के घर के पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरा में उपरोक्त व्यक्ति घर में आते जाते हुये रिकार्ड हुआ है। **इस सूचना पर थाना आशियाना पर मु0अ0सं0 180/2024 धारा 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना ठाकुरगंज**–दिनांक 31.05.2024 को थाना ठाकुरगंज द्वारा बताया गया कि ऐरा मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल से थाना स्थानीय पर एक मेमो इस आशय से भेजा गया कि दिनांक 30.05.2024 को समय करीब 09.04 बजे रात्रि में शिवी पत्नी रवि गुप्ता उम्र करीब 23 वर्ष को इस चिकित्सालय में मृत अवस्था में लाया गया। मरीज के पति से पूछने पर पता चला कि मरीज ने दुपट्टे से फांसी लगाई थी। **इस सूचना पर थाना ठाकुरगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** एस0आई0 श्री रंजीत कुमार मो0नं0 8953926667 थाना ठाकुरगंज द्वारा बताया बताया गया कि शिवी पत्नी रवि गुप्ता पुत्री स्व0 मनोज गुप्ता निवासी–धनिया महरीपुल, थाना आलमनगर रोड थाना ठाकुरगंज लखनऊ के सुसरालीजनों ने पूछताछ में बताया कि शिवी उपरोक्त ने अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे बीति रात्रि में फांसी लगा लिया, जिसे उतारकर परिजनों द्वारा इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने शिवी उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया। मृतका की 03 महीने पूर्व शादी हुयी थी।

**थाना गाजीपुर–**दिनांक 31.05.2024 को थाना गाजीपुर द्वारा बताया गया कि श्री सुनील कुमार पुत्र श्री प्रेमचन्द्र, निवासी–वीपीओ ड्रीम, जनपद अम्बाला राज्य हरियाणा ने थाना गाजीपुर पर सूचना दिया कि उनका चचेरा भाई नवीन कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी–म0नं0 लाल हाउस नजदीक खेड़ा, धीन, जनपद अम्बाला, हरियाणा जो कि केनरा बैंक में लखनऊ में ट्रेनिंग के लिये आया हुआ था विगत रात्रि में उसकी अज्ञात कारणों से मृत्यु हो गयी है। इस सूचना पर थाना गाजीपुर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। एस0आई0 श्री मुन्ना सिंह मो0नं0 7275102311 थाना गाजीपुर द्वारा बताया गया कि मृतक नवीन कुमार जो कि अम्बाला में बैंक पी0ओ0 के पद पर थे व उनके अन्य साथी लखनऊ में ट्रेंनिग के लिए आये हुये थे और एवीपीएस होटल नियर सुषमा हॉस्पिटल थाना गाजीपुर में दिनांक 26.05.2024 से रूके हुये थे। मृतक होटल के कमरा नं0 210 में ठहरे हुये थे। मृतक के साथियों से जानकारी करने पर पता चला कि मृतक उपरोक्त को सर्वाइकल की समस्या थी बीति रात्रि में तबीयत खराब होने पर सुषमा हॉस्पिटल से दवा लेकर वापस सब अपने–अपने कमरे में सोने चले गये थे। कमरा अन्दर से बन्द था। सुबह में देर तक दरवाजा न खोलने पर होटल स्टॉफ द्वारा दरवाजा खोलने पर पता चला कि नवीन कुमार उम्र करीब 31 वर्ष अपने कमरे में मृत अवस्था में अपने बिस्तर पर पड़े हुये हैं। शव पर कोई जाहिरा चोट निशान नहीं हैं। **शव का पंचायतनामा भर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।**